Roll No. ....................

# 503

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2019–20

## [7201-C]

# HINDI (Special)

# हिन्दी (विशिष्ट)

503-03-45-685

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

*निर्देश :–*

*(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।*

*(3) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।*

*(4) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। कुल 5×5=25 अंक।*

*(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक 2–2 अंक के प्रश्न हैं, तथा शब्द सीमा 30 शब्द है।*

*(6) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक 3–3 अंक के प्रश्न हैं, तथा शब्द सीमा 75 शब्द है।*

*(7) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक 4–4 अंक के प्रश्न हैं, तथा शब्द सीमा 120 शब्द है।*

*(8) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27, 5–5 अंक के प्रश्न हैं, तथा शब्द सीमा 150 शब्द है।*

*(9) प्रश्न क्रमांक 28 के दो भाग हैं। भाग 'अ' के लिए निर्धारित अंक हैं 7 तथा शब्द सीमा 200 – 250 शब्द है। भाग 'ब' के लिए निर्धारित अंक 3 हैं। कुल अंक 7 + 3 = 10 हैं।*

*(10) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़ शेष सभी प्रश्नों में विकल्प का प्रावधान है।*

प्र.1 दिए गए शब्दों में से उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – (5×1=5)

(i) जीवक ..........................................शास्त्र के विद्वान थे। (आयुर्वेद / यजुर्वेद)

(ii) कमाई में .......................................................................... प्रत्यय है। (ई / आई)

(iii) पंचवटी ........................................................................ है। (महाकाव्य / खण्डकाव्य)

(iv) मीरा बाई को ............................................. रूपी रत्न प्राप्त हुआ। (राम / कृष्ण)

(v) लहरों पर तैरने वालों को ............................................... मिलते हैं। (सीप / मोती)

प्र.2 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (5×1=5)

(i) रामायण के रचियता हैं –

(अ) तुलसीदास (ब) सूरदास

(स) वाल्मीकि (द) वेदव्यास

(ii) शब्द के अन्त में जुड़कर उसका अर्थ परिवर्तन करने वाले शब्दांश कहलाते हैं –

(अ) देशज (ब) प्रत्यय

(स) उपसर्ग (द) यौगिक

(iii) हास्य रस का स्थायी भाव है –

(अ) रति (ब) करुण

(स) हास (द) शोक

(iv) प्रभुजी तुम चंदन हम –

(अ) वानी (ब) पानी

(स) जानी (द) मानी

(v) सर्वव्यापी पक्षी कहा जाता है –

(अ) मैना (ब) तोता

(स) मोर (द) कौआ

प्र.3 सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए – (5X1=5)

(i) हल्दी घाटी का युद्ध मानसिंह और राणा प्रताप के बीच हुआ था।

(ii) उत्थान शब्द का विलोम शब्द उन्नति है।

(iii) महाकाव्य में एक ही सर्ग होता है।

(iv) 'सूरज का पहिया' कविता गिरिजा कुमार माथुर की है।

(v) भारत में जन्म लेने पर विवेकानंद जी को गर्व था।

प्र.4 सही जोड़ी मिलान कर लिखिए – (5X1=5)

| | 'अ' | | 'ब' |
|---|---|---|---|
| (i) | इसरो की स्थापना | – | सोलह मात्रायें |
| (ii) | इन्द्र का पर्यायवाची | – | डॉ. रघुवीर प्रसाद गोस्वामी |
| (iii) | चौपाई छन्द | – | पाली थुम्बा |
| (iv) | स्वतंत्रता का दीपक | – | सुरपति |
| (v) | कर्म कौशल | – | गोपाल सिंह नेपाली |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (5X1=5)

(i) अमेरिका की खोज किसने की?

(ii) असफल शब्द में उपसर्ग छाटिए।

(iii) गोस्वामी तुलसी जी के प्रसिद्ध महाकाव्य का नाम लिखिए।

(iv) 'मेरा नया बचपन' कविता किसने लिखी?

(v) अनुष्ठान का मांगलिक द्रव्य किसे कहा गया है?

प्र.6 किसका अंधकार मिटाना है? (2)

<u>अथवा</u>

हकीकत में किस्मत किसे कहते हैं?

प्र.7 किसका तेज चारों ओर बिखरा हुआ है? (2)

<u>अथवा</u>

हमें किसका धन्यवाद करना चाहिए?

प्र.8 छन्द कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखो। (2)

**अथवा**

चौपाई छन्द की परिभाषा लिखिए।

प्र.9 रैदास की प्रभु भक्ति किस भाव की है? (2)

**अथवा**

बचपन की याद किसे आ रही है?

प्र.10 कवि को घर की याद क्यों आ रही है? (2)

**अथवा**

मीरा कहाँ चढ़कर प्रभु की बाट देख रहीं है?

प्र.11 कवि ने धरती में क्या बोया? (2)

**अथवा**

'मोहन मयी' कौन हो गई है?

प्र.12 जीवन का सच कवि ने किसे कहा है? (2)

**अथवा**

हमारा अतिशय मान किसने किया है?

प्र.13 शबरी ने राम को प्रेम सहित खाने को क्या दिया? (2)

**अथवा**

कवि किस चक्र को नहीं रुकने देने की बात करता है?

प्र.14 चित्तौड़ का कुलदीपक कौन था? (2)

**अथवा**

नारियल का फल कैसा होता है?

प्र.15 ज़िन्दगी में लगाने वाला पूजा कान सा है? (2)

<u>अथवा</u>

किस ग्रन्थ में विवेचित कर्म सिद्धान्त की विशिष्ट पहचान है?

प्र.16 'बहू की विदा' एकांकी किस समस्या पर आधारित है? (2)

<u>अथवा</u>

पृथ्वी हिंसा से क्यों भरती जा रही है? कोई दो कारण लिखिए।

प्र.17 दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें – (3)

(i) प्रशिक्षण

(ii) तापमान

(iii) उड़ान

<u>अथवा</u>

दिये गए शब्दों से एक कहानी लिखिए – पेड़–पौधे, बादल, वर्षा, बर्फबारी, पर्वत, सूरज।

प्र.18 नीचे दिए गए जीव – जन्तुओं की एक – एक विशेषता लिखिए – (3)

हाथी, मोर, कुत्ता

<u>अथवा</u>

निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम और तद्भव शब्दों को पहचान कर लिखिए –

हस्त, झरना, मोर, भित्ति, साग, श्रृंखला

प्र.19 यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (3)

**अथवा**

खण्डकाव्य – महाकाव्य में तीन अन्तर लिखते हुए एक – एक उदाहरण लिखिए।

प्र.20 भक्तिकाल की कोई चार विशेषताएं लिखिए। (4)

**अथवा**

वीरगाथा काल की कोई चार विशेषताएं लिखिए।

प्र.21 कहानी और उपन्यास में चार अंतर लिखिए। (4)

**अथवा**

जीवनी और आत्मकथा में चार अन्तर लिखिए।

प्र.22 तुलसीदास अथवा मैथिली शरण गुप्त जी की काव्यगत विशेषताएं निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–

(i) दो रचनाएँ (1)

(ii) भावपक्ष (1)

(iii) कलापक्ष (1)

(iv) साहित्य में स्थान (1)

प्र.23 हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा प्रेमचन्द का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के अन्तर्गत लिखिए –

(i) दो रचनाएँ (1)

(ii) भाषा (1)

(iii) शैली (1)

(iv) साहित्य में स्थान (1)

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ – प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी, जाकी अंग – अंग बास समानी।
प्रभुजी तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।।
प्रभुजी तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभुजी तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सोहागा।।

**अथवा**

मैंने कौतूहलवश, आँगन के कोने की,
गीली तह को यों ही उँगली से सहलाकर।
बीज सेम के दबा दिए मिट्टी के नीचे,
भू के अंचल में मणि–माणिक बाँध दिए हों।।

प्र.25 निम्न गद्यांश की संदर्भ – प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (4)

हिन्दुस्तान एक विचित्र देश है, उसकी पहचान नदी से होती है या वनस्पति से। उसके देशकाल का बोध या तो नदी कराती है या वनस्पति कराती है। विशेष रूप से काल का बोध वनस्पति ही कराती है। उसके ऋतुचक्र का अवतरण सबसे पहले वनस्पति जगत पर ही होता है।

**अथवा**

साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है, कि इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं? जनमत की उपेक्षा करके जाने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है, और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

एकल परिवारों के चलन से मित्रता का महत्व और अधिक बढ़ा है। संयुक्त परिवारों के अभाव में विपरीत परिस्थितियाँ मित्रता की माँग करती हैं। चूँकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अतः उसके सामाजिक विकास में मित्र की अहम् भूमिका रहती है। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है जिसमें प्रेम के साथ समर्पण, त्याग की भावना होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है – परस्पर विश्वास।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (2)

(ii) मित्रता का महत्व क्यों बढ़ रहा है? (1)

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। (2)

प्र.27 विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण – पत्र (T.C.) हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (5)

**<u>अथवा</u>**

अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए – (7)

(i) राष्ट्रीय पर्व

(ii) विज्ञान के चमत्कार

(iii) मेरा प्रिय खेल

(iv) पर्यावरण प्रदूषण

(v) जल ही जीवन है

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए– (3)

(i) पुस्तकालय का महत्व

(ii) विद्यार्थी जीवन

(iii) समाचार पत्रों की उपयोगिता

(iv) साहित्य और समाज

(v) स्वच्छता अभियान